हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 15 मई 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]


MOTION BHILAI

मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

Highest Selection Ratio (NEET)

Total Student Qualified in 2023

6492 / 7084 = 91.64%

Total Student Qualified in 2022

4837 / 5356 = 90.31%




28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023

Once Again At NEET

MAKE IT COUNT WITH US !

LEADER BATCH

STARTING FROM

1ST JUNE 2024

ADMISSION OPEN




Deepak Advertisers

ADMISSION ANNOUNCEMENT Session 2024-25

(Full-Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
**Nurture Batch**
Class 10th to 11th Moving
Batch at initial stage

Target: JEE 2025
**Achiever Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: NEET 2025
**Leader Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: Olympiads & Board
**Foundation Batch**
Class 6th to 10th Moving Students
Batch at initial stage

MOTION

7970222201 / 7440200990

STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006

Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai


## सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि–

1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट-एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी** – सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12-14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें** –विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र-छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12-14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे-अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे-अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें** – माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय-समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत–** आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन-भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है –

**फाउंडेशन कक्षा** – 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा – 11** के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.-2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा – 12** के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT एवं JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.-2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है। हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 - न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**–नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण शिविर 21 तक



**डोंगरगढ़।** 38 बटालियन एनसीसी के निर्देशानुसार संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 12 से 21 मई तक जेएलएम गायत्री विद्यापीठ, केसर नगर राजनांदगांव में आयोजित है। शिविर में सीनियर डिवीजन के 30 और सीनियर विंग 24 एनसीसी कैडेट्स के साथ विभिन्न स्कूलों और कॉलेज के 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स सहभागिता दे रहे है। इस कैम्प में नेहरू महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स के साथ एनसीसी इकाई के केयर टेकर गुलशन सिन्हा भी शामिल हुए है। यहां उनका प्रदर्शन काफी सराहनीय है।

### आत्मानंद में प्रवेश के लिए आज निकलेगी लाटरी

**डोंगरगांव।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में रिक्त सीटों प्रवेश के लिए कल 15 मई को 11 बजे लाटरी निकाला जाएगा। प्राचार्य जयंत साहू ने बताया कि विभिन्न कक्षाओं की 66 रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए 384 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कक्षा पहली की 22 सीटों के लिए 157, कक्षा दूसरी की 8 सीटों के लिए 47, कक्षा चौथी की 7 सीटों के लिए 46, कक्षा पांचवी की 10 के लिए 26, छठवी की 7 सीटों के लिए 65, कक्षा सातवी की 9 सीटों के लिए 24 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार कक्षा आठवीं की 3 सीटों के लिए 19 आवेदन मिले है। कल 15 मई को 11 बजे से विभिन्न कक्षाओं की रिक्त सीटों के लिए लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाएगा। लॉटरी के माध्यम से चयनित बच्चो या पालकों को 16 से 20 मई तक सभी जरूरी दस्तावेज जमा करना होगा। दस्तावेज सही पाए जाने पर विद्यार्थी को प्रवेश दिया जाएगा। दस्तावेज सही नहीं होने की स्थिति में वेटिंग लिस्ट से क्रमानुसार अन्य को मौका दिया जाएगा।

## खालसा पब्लिक स्कूल के परिणाम बेहतर

# 10-12वीं में आर्ची जैन और आर्या अग्रवाल ने किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

खालसा पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय की आर्ची अग्रवाल ने 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कॉमर्स संकाय के आर्या जैन ने 95.4, क्षमा गोयल 95.2, जसनीत कौर 92.8, अंश शाह ने 91 एवं इन्दरप्रीत कौर भाटिया ने 89.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में श्रेष्ठ परिणाम दिया। छात्रा आर्ची अग्रवाल ने बिजनेस स्टडी एवं एकाउंट में 98 प्रतिशत, आर्या जैन ने बिजनेस स्टडी में 99 प्रतिशत, एकाउंट 98 प्रतिशत, क्षमा गोयल ने बिजनेस स्टडी में 99 प्रतिशत और जसनीत कौर ने एकाउंट में 99 फीसदी अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार 12वीं विज्ञान संकाय में पूर्वी साहू ने 90.8 प्रतिशत, शेख अब्दुल माजीद 85.8, दीपाली सोनवानी 85.4, आयुष श्रीवास्तव 84.2 और अदिति घोष ने 82.8 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त किया।



### अनंत ने प्राप्त किए 93 प्रतिशत अंक



खालसा पब्लिक इंग्लिष मीडियम स्कूल में सीबीएसई दसवीं का रिजल्ट घोषित किया गया।परीक्षा में नगर के अनंत अग्रवाल पिता दीपक अग्रवाल ने 93 प्रतिषत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बगैर ट्यूशन के सफलता हासिल किया है। अनंत की सफलता पर ऋषि मिश्रा, श्रीयारानी देई, ज्योति बडवाईक, कीर्ति बाडे, बीपी मिश्रा ने बधाई दिया है।

### दसवीं में आर्या सबसे आगे

कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड में 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक से अधिक अंक प्राप्त कर जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रा आर्या अग्रवाल ने 96.4, निशिका टेंभरे 96.2, भावेश यादव 95.2, तनीषा बडगे 94.6, अविका साहू 94, अनंत अग्रवाल 93, इकजोत कौर भाटिया 92.6, अक्षत बघेल 92.2, साहिल कुमार 91.6, वेद प्रकाश 91, अवनी बिसेन 90.6, श्रेयांश अग्रवाल 90 .6, तुषार कुमार साहू 90.6, हर्षिता साहू 90.4, प्रणय नाथ जोगी ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। विद्यालय की प्रबंधन समिति, प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई दिया है।

# बल के जवानों को बताया तनाव से मुक्ति का उपाय



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

बुरहानभाठ स्थित कैंप परिसर में 14 मई को सेनानी अनंत नारायण दत्ता के नेतृत्व और सहायक सेनानी अगस्टिन बा की उपस्थिति में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान की साध्वी बीके भारती भोज, बीके चंद्र प्रभाव, बीके खेलन राम और अन्य ने आध्यात्मिक चिंतन एवं तनाव बंधन पर विशेष शत्र का आयोजन किया। विशेष आयोजन होने की वजह से समस्त जवानों एवं बल के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान राजयोग के बारे में बताया गया। हिमवीर के दैनिक जीवन के साथ सैन्य जीवन में धारण कर जीवन की हर चुनौती को सकारात्मक रूप से हल करने में बल प्राप्त होगा । यह निश्चित रूप से बलकर्मियों के लिए एक सकारात्मक पहल है। हिमवीर जो अपने परिवार से दूर दराज के क्षेत्र में तैनात होते हैं , इससे उनको अवश्य एक नई ऊर्जा का स्रोत प्राप्त होगा। सभी बलकर्मियों ने ब्रह्म कुमारी संस्थान की टीम को धन्यवाद दिया।

### नेश्वर प्रसाद हुए सेवानिवृत्त



**टेड़ेसरा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेड़ेसरा में पदस्थ व्याख्याता नेश्वर प्रसाद साहू 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए।उनकी मोखला में प्रथम नियुक्त हुई थी। गत 11 फरवरी 2011 से हायर सेकेंडरी स्कूल टेड़ेसरा मे वाणिज्य के व्याख्याता के पद पर कार्यरत थे। उनके सेवानिवृत्त होने पर प्राचार्य दीपक ठाकुर एवं स्टॉफ ने बधाई देते हुए सुखद जीवन की कामना किया है।

# संजीवनी में अब कैंसर उपचार की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव







राजनांदगांव में जिले के पहले कैंसर समर्पित इलाज की सुविधा संजीवनी हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में शुरू होने जा रही है, वह भी बिल्कुल निःशुल्क (आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत)। जिससे लोगों को अब शहर में ही हर तरह के कैंसर का इलाज उपलब्ध हो सकेगा। यहां उनके डे-केयर इलाज के साथ कीमोथेरेपी की भी व्यवस्था की गई है। आधुनिकतम कैथलैब, ऑपरेशन थियेटर, वेंटिलेटर सपोर्ट के साथ आईसीयू, डायलिसिस सुविधा, प्रोफेशनल एवं अनुभवी आपातकालीन टीम, ओपीडी में अधिक चिकित्सा विशेषज्ञ एवं करीब 100 से अधिक प्रशिक्षित स्टाफ संजीवनी हॉस्पिटल को राजनांदगांव का पहला और एकमात्र हृदय रोग उपचार केंद्र, ट्रामा केयर और सुपर मल्टीस्पेशलिटी सेटअप बनाती है।

संजीवनी हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अमित कुमार मोदी ने बताया कि संजीवनी हॉस्पिटल जिले का पहला कैंसर समर्पित हॉस्पिटल बनने जा रहा है, जो कैंसर के बेहतर उपचार हेतु कैंसर विशेषज्ञों (ऑन्कोलॉजिस्ट) की टीम उपलब्ध कराने जा रहा है, जो सर्वोत्तम परिणामों के लिए प्रतिबद्ध है। जिनमें डॉ. इप्सित इलाही दास, डॉ. भरत पटोदिया, डॉ. शिवम शिंगला आदि विशेषज्ञ शामिल हैं।

संजीवनी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राघव वर्मा के अनुसार कैंसर मरीजों के लिए उनका हॉस्पिटल कई प्रारूपों में मददगार साबित होगा। यहां कैंसर मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी (कीमोथैरेपी) और ऑन्को सर्जरी (कैंसर सर्जरी) के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की एक भरोसेमंद टीम मिलेगी।

### सभी सुविधाएं उपलब्ध

संजीवनी हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी (कीमोथेरेपी), कैंसर ऑन्को सर्जरी के अलावा जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, 24/7 उपलब्ध रहने वाले डीएम कार्डियोलॉजिस्ट के साथ एंजियोप्लास्टी सुविधा और सुसज्जित कार्डियक कैथ लैब है। यहां मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, न्यूरो सर्जरी, हड्डी रोग, रीढ़ एवं जोड़ प्रत्यारोपण, गायनोकॉलोजी, बाल एवं शिशुरोग विशेषज्ञ तथा डायलिसिस, गैस्ट्रोएंट्रोलाजी और रेडियोलॉजी, मॉनिटर, लाइफ सपोर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध है।

# छग झेरिया यादव समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, चौकी-मोहला-मानपुर व खैरागढ-गंडई-छुईखदान का जिला स्तरीय बैठक यादव सामुदायिक भवन डोंगरगांव में संरक्षक जीआर अहीर के मुख्य आतिथ्य एवं संयुक्त जिला अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत यादव, प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिला महासचिव सेवकराम यादव, कोषाध्यक्ष मुकुंद यादव के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सहदेव यादव, पन्नालाल यादव, देवकुमार यादव, शिवकुमार यादव, विष्णु यादव, लखनलाल अहीर, शत्रुहनलाल यादव, परभूराम यादव, फगनूराम यादव, पैनूराम यादव, दुखुराम यादव, गुरुदेव यादव, नंदनी अहीर, राकेश यादव, जगतुरम यादव, नील कुमार यादव, बैशाखूराम यादव, अनिल यादव, रोहित यादव, शंकर यादव, कमलेश यादव, मुरलीधर यादव, प्रभु यादव, कमल यादव, अवध यादव, गयाप्रसाद यादव, कन्हैयालाल यादव, सुदामा यादव, नरसिंग यादव, मनोज यादव, पवन यादव, इंद्रकुमार यादव, उर्मिला अहीर, संगीता अहीर, संतोषी यादव, संतोष यादव, नंदू यादव, हीराराम यादव, भारतलाल यादव, श्यामलाल यादव, चंद्रहास यादव, संतोष यादव, भूपेंद्र यादव, अंजोरीराम यादव, शुकालूराम यादव, हेमंत यादव, पुनाराम यादव, विष्णुराम यादव, रामदीन यादव सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

### एकता और शिक्षा पर जोर

अतिथियों ने एकता, शिक्षा तथा संगठनात्मक सक्रियता हेतु विशेष कार्यक्रम करने पर बल दिया। निरोग रहने साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष प्रकाश डाला गया। प्रदेश स्तरीय सामाजिक नियमावली पर विचार-विमर्श किया गया। सामाजिक कार्यक्रमों शादी-ब्याह व जन्मोत्सव, दीपावली, गोवर्धन पूजा आदि तथा शोक कार्यक्रमों में नशापान पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। शादी-विवाह, जन्म उत्सव संस्कार में डीजे नहीं बजाया जाएगा। लड़की-लड़का का रिश्ता तय करने से पहले अपने-अपने परिक्षेत्रीय अध्यक्ष से समाज के मुख्यधारा में जुड़े होने का प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है।

# सिन्हा समाज की चुनाव प्रक्रिया आरंभ

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज के जिला स्तरीय चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल जल्द ही पूरा होने वाला है। आगामी चुनाव के लिए पूर्व पदाधिकारियों को आजीवन सदस्यता शुल्क जमा कर मतदाता बनने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित है। जिला प्रचार प्रभारी बालकृष्ण सिन्हा ने बताया कि राजस्व जिलों में विभाजन के बाद अब राजनांदगांव जिले को भी सामाजिक दृष्टिकोण से तीन जिलों में विभाजित किया गया है। जिसमें मोहला मानपुर चौकी के जिलाध्यक्ष का चुनाव प्रांतीय पदाधिकारियों की अनुमति के बाद बीते दिवस संपन्न हुआ। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में भी मनोनयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जबकि राजनांदगांव जिले के नवीन पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया आगामी दिनों में संपादित की जाने वाली है। उन्होंने बताया कि नियमावली अनुसार जिला चुनाव में तहसील स्तर के मंडलेश्वर, सचिव तथा कोषाध्यक्ष के अलावा क्षेत्राधिकारी, ग्राम प्रमुख, युवा प्रमुख एवं महिला प्रमुख को वोट डालने की पात्रता होगी।

# आयुक्त ने वार्डों का किया निरीक्षण वार्डवासियों से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


- अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस थमाने की तैयारी , रोज सफाई के निर्देश

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता मंगलवार सुबह वार्ड निरीक्षण की कड़ी में जलतरंग कालोनी, नीलगिरी पार्क व इंदिरा नगर का पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू होकर सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

आयुक्त गुप्ता ने सफाई निरीक्षण के दौरान जलतरंग कालोनी व निलगिरी पार्क के लोगों से रूबरू होकर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने वार्ड प्रभारी से सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी लेते कहा कि सभी सफाई कर्मी समय में आएं तथा अपनी उपस्थिति निष्ठा में दर्ज किया जाना सुनिश्चत करें, अनुपस्थित कर्मचारी का गैर लाल स्याही से करें, वार्ड की सभी सड़कों व नालियों की निर्धारित समय तक सफाई कराकर कचरा प्रतिदिन उठाने के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्ड नं. 45 के वार्ड प्रभारी द्वारा उपस्थिति पंजी में कर्मचारियों का फोटो न चिपकाने व अनुपस्थित कर्मचारी की हाजिरी लाल स्याही के अंकित करने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को दिए।

### खुलेगी जाम नाली

आयुक्त गुप्ता ने इंदिरा नगर क्षेत्र के सफाई कार्य का जायजा लेकर सिंधी भवन के पीछे जाम नाली को खोलावाकर गंदे पानी की निकासी करवाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के पूर्व सभी बड़े नाला-नालियों की सफाई कराएं, कीटनाशक दवाईयों, चूना आदि का छिड़काव करें। साथ ही घर के सामने व खुली जगह पर मलमा रखने वालों को समझाईस दें, अपालन पर मलमा मंडप शुल्क वसूले। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू उपस्थित थे।



### जुड़वा भाई प्रथम

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता निजार जीवा के दोनों जुड़वा पुत्र अकिफ जीवा और अदीब जीवा ने कक्षा 10 वीं में क्रमषः 87.5 और 87.3 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अकिफ और अदीब ने अपने सफलता का श्रेय केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षकों और लकबीर सर को श्रेय दिया है।

### प्रतिभास्थली की सभी छात्राएं उत्तीर्ण

**डोंगरगढ़।** आचार्य विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ चंद्रगिरी की छात्राओं ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सीबीएसई परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। संस्था का परिणाम में शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में अरु जैन ने 93, अर्चा जैन ने 93.4, विदेही जैन ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 12 के वाणिज्य संकाय की अनुष्का जैन ने 93, कला संकाय की नेहल जैन ने 91, विज्ञान संकाय की सौम्या जैन ने 86.4 फीसदी अंक हासिल किए।

### स्वाति बनी समाज सेवक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** समाज सेवक संघ संस्थापक अध्यक्ष संजीव सिंघल ने समाजसेवी इंजी स्वाति देवांगन को संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

स्वाति देवांगन शासकीय सेवा में सिविल इंजीनियर है। उनकी नियुक्ति पर संघ की नैमिन देशमुख, प्रियांशु सिंघल, दिव्या वर्मा, भीमा साहू, भुनेश्वरी साहू, खुलेन्द्र साहू, रेवती साहू, हर्ष साहू, चंद्रहास देवांगन, चंचल साहू, भूषणलाल देवांगन, पायल यादव, तामेश्वर साहू, रोहिणी पटेल, मोतीलाल रावटे, मनोज भट्टाचार्य, महेंद्र बघेल, रूपा कंवर, ममता मैथिल, गिरीश साहू, सरस्वती वर्मा, यमला साहू, दिनेश पटेल, दौलतराम साहू, विजय निषाद, बबीता लहरे, आकाश यादव, अमित पटेल ने बधाई दी।


पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## ग्रामीणों ने जताया आभार

# मंड़ीपखोल गुफा देखने उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

रहस्यमय मंड़ीपखोल गुफा का सोमवार को हजारों लोगों ने दर्शन किया। यहां पहली बार ऐतिहासिक भीड़ देखने मिली। लगभग 15 हजार से अधिक लोगों ने बिना किसी परेशानियों के सहजता के साथ सुन्दर प्राकृतिक वातावरण से घिरी गुफा का लुफ्त उठाया। राज परिवार के रोहित पुलस्त्य, ठाकुरटोला ग्रामीण ने पुख्ता इंतजाम के लिए जिला प्रशासन का आभार जताया है। श्री पुलस्त्य ने बताया कि प्रशासन द्वारा इस बार मंड़ीपखोल गुफा तक पहुंच मार्ग को आसान बनाया गया था। इसके अलावा चिकित्सा टीम, पुलिस के जवान सैलानियों के सहयोग के लिए दिन भर तैनात रहे। वही वन विभाग, लोक निर्माण एवं पंचायत विभाग के लोगों ने बेहतर सेवा दिया। जिनके सहयोग से इस बार हजारों लोगों ने साल में एक दिन खुलने वाली गुफा का नजारा देखा। पर्यटन विभाग के प्रमील वर्मा, विजय परमार ने भी मंड़ीप खोल पहुंच कर भीड़ का अवलोकन किया। एसडीएम रेणुका रात्रे भी दिन भर मौके पर उपस्थित होकर व्यवस्था के लिए निर्देशित करते नजर आई।



### जनप्रतिनिधियों ने देखा गुफा

मंड़ीपखोल गुफा एक दिन के लिए आम लोगों के लिया खुली। विधायक यशोदा वर्मा, नीलाम्बर वर्मा, बीएल सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी गुफा देखने पहुंचे। पहली बार गुफा पहुंची विधायक श्रीमती वर्मा ने प्रकृति की अमूल्य धरोहर की प्रशंसा करते हुए विकास का आश्वासन दिया है।

### प्रशासनिक पहल की सराहना

मंड़ीपखोल सेवा समिति एवं क्षेत्र वासियों ने कलेक्टर चन्द्रकान्त वर्मा की पहल का काफी प्रशंसा किया। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहले कलेक्टर हैं जिन्होंने गुफा खुलने के दो दिन पहले तपती धूप में दुर्गम रास्तों से पैदल चल कर मंड़ीपखोल गुफा पहुचे थे। लोगों को होने वाली परेशानियों से वाकिफ होकर उन्हे दूर कर सफर आसान बनाया। जिला प्रशासन की बेहतर पहल के बाद ग्रामीणों को उम्मीद है कि आगामी वर्ष और बेहतर सुविधाएं मिलेगी तथा मंड़ीपखोल गुफा के विकास का रास्ता खुलेगा।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024



# रायपुर की दौड़ खत्म, नांदगांव में बनने लगा पासपोर्ट, 9 हजार लोग बनवा चुके

## डाकघर में मिल रही सुविधा, बिना राजधानी रायपुर जाए नांदगांव में ही हो रही पूरी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विदेश का सफर करने से पहले लोगों को पासपोर्ट बनवाना अनिवार्य रहता है। पासपोर्ट बनाने के लिए रायपुर तक की दौड़ लगाने लोगों को मजबूर होना पड़ता था, लेकिन अब पिछले कुछ समय से यह सुविधा राजनांदगांव के डाकघर में ही मिलने लगी है। अब रायपुर जाने की जगह नांदगांव में ही लोग अपना पासपोर्ट बनवा सकते हैं। जिले में करीबन 9 हजार लोगों ने इस सुविधा का लाभ लेते हुए अपना पासपोर्ट भी बनवा लिया है।

उल्लेखनीय है कि डाकघर लगातार अपने मूल काम के साथ ही लोगों को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम भी करता रहा है। आधार कार्ड अपडेट से लेकर गंगाजल की बिक्री, एलईडी बल्ब और पंखा भी डाकघर लोगों को उपलब्ध करा चुका है। इसी कड़ी में अब पासपोर्ट विभाग के साथ मिलकर पिछले करीबन ढाई साल से डाकघर लोगों का पासपोर्ट बनाने में भी मदद कर रहा है। राजनांदगांव जिले के पासपोर्ट सेवा केंद्र के प्रमुख ज्ञानेश मिश्रा ने बताया कि पहले के मुकाबले अब प्रक्रिया सरल हो गई है। अब कोई भी व्यक्ति ऑनलाईन आवेदन कर अपना पासपोर्ट आसान तरीके से ही बनवा सकता है।

### रोजाना लग रही भीड़

राजनांदगांव डाकघर में पासपोर्ट सेवा केंद्र की शुरूआत करीबन ढाई साल पहले हुई थी। हालांकि शुरूआती दौर में लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने के कारण यहां कम संख्या में ही आवेदन आ रहे थे, लेकिन बीते कुछ समय से अब आवेदन करने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है। रोजाना एक दर्जन से अधिक लोग अपना वेरिफिकेशन कराने के लिए डाकघर के इस उपक्रम में अपना अपाइंटमेंट ले रहे हैं। हज जाने वाले से लेकर विदेश पढ़ने जाने वाले छात्र, घूमने के लिए विदेश जाने वाले भी इसमें शामिल हैं।



### ऑनलाइन हुई प्रक्रिया

असिस्टेंट सुपरइंटेंडेंट राजनांदगांव सब डिवीसन ज्ञानेश मिश्रा ने बताया कि अब पासपोर्ट बनाने के लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन कर दी गई है। भारत सरकार की पासपोर्ट वेबसाईट पर जाकर लोगों को पहले अपनी आईडी और पासवार्ड बनाना होता है। जिसके बाद ऑनलाईन आवेदन भरकर जमा किया जाता है। इसके बाद राजनांदगांव डाकघर में ऑनलाईन ही अपाइंटमेंट लेकर वेरिफिकेशन करा सकते हैं। आवेदन के लिए 1500 रुपए का शुल्क निर्धारित है। वहीं पासपोर्ट का नवीनीकरण भी करवा सकते हैं।

### पांच जिलों के लोग आ रहे

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव डाकघर में स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़, कवर्धा सहित बालोद जिले के लोगों को अपाइंटमेंट मिल सकती है। नांदगांव में पासपोर्ट सेवा केंद्र खुलने से अब लोगों को 100 से डेढ़ सौ किलोमीटर का सफर करने की मजबूरी नहीं होगी। खासतौर पर मोहला-मानपुर, चौकी, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, गंडई, छुईखदान जैसे इलाकों के लोगों को अब अपने नजदीक ही यह सुविधा मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### प्रकोटत्सव आज

**राजनांदगांव।** कायस्थ समाज के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन लाला की अध्यक्षता में मुक्तिबोध स्मारक में स्थित श्रीजन संवाद में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि चित्रगुप्ता जयंती प्रकोटत्सव के उपलक्ष्य में कल 15 मई को सुबह 8.30 बजे शंख महाआरती समाज के लोगों द्वारा विशेष कर महिलाओं, बहनें, बुजुर्ग, युवा साथियों द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात 9 बजे से नर्सरी से 5 साल के बच्चों का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखा गया है। जिसमें विवेकानंद प्रशस्ति पत्र तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय का चयन किया जाएगा और मेडल व नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

### मोपेड में अवैध रूप से शराब ले जाते पकड़ाया



**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से मोपेड एवं शराब जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि मोपेड में अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है। मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस ने रेड कार्रवाई कर मोहारा शराब भट्ठी के सामने रोड में एक एक्टिवा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने ले जाने वाले आरोपी शरद यादव उर्फ विक्की 19 वर्ष निवासी बांसपाई पारा वार्ड क्र. 41 से एक काले रंग की एक्टिवा एवं 32 पौवा देशी प्लेन कीमती 2880 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे के अंधे कत्ल की सुलझी गुत्थी, तीन आरोपी गिरफ्तार

# बीमा के लाखों रुपए के लालच में ममेरे भाई को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत के पूर्व सदस्य के बेटे की हत्या की पुलिस ने गुत्थी सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बीमा के लालच में उत्तम जंघेल पिता अमृतलाल जंघेल की न सिर्फ हत्या की, बल्कि इसे दुर्घटना का स्वरूप देने के लिए उसके शव पर दो बार स्पार्पियो वाहन भी चलाया था।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खैरागढ़ क्षेत्र के कुम्ही-डोंगरगढ़ मार्ग में पुलिस को 11 मई को एक शव मिला था। इस शव की पहचान जिला पंचायत की पूर्व सदस्य रेखा जंघेल के पुत्र उत्तम जंघेल पिता अमृत जंघेल के रूप में हुई थी। पुलिस ने इस मामले की विवेचना शुरू की थी। मृतक के संबंध में हर छोटी से छोटी बारीक जानकारी एकत्र कर एवं प्रकरण में सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज चेक कर एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जानकारी मिली कि मृतक के नाम पर कुछ माह पहले हार्वेस्टर वाहन एवं एक स्कार्पियों एन वाहन खरीदी गई है, जो मृतक के मामा के लड़के हेमंत ढेकवार पिता स्व.भैयालाल ढेकवार 38 साल निवासी महाराजीटोला, कहाली थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया के पास है। महाराष्ट्र जाकर हेमंत ढेकवार के गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखकर सूचना संकलन किया गया। वैज्ञानिक पद्धति से पूछताछ करने पर हेमंत ने बताया कि उसने उत्तम के नाम पर एक स्कार्पियों वाहन माह जनवरी 2024 में एवं एक हार्वेस्टर वाहन माह फरवरी 2024 में क्रय कर दोनों वाहनों में करीब 30 लाख का फाईनेंस करवाया था। साथ ही उक्त फाईनेंस रकम का इंश्योरेंस कराया था। जिससे यदि फाईनेंस अवधि में उत्तम जंघेल की मृत्यु या कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसके नाम पर लिए गए सारे लोन की रकम इंश्योरेंस कंपनी द्वारा भुगतान किया जाता। साथ ही आरोपी हेमंत द्वारा मृतक उत्तम का भारतीय जीवन बीमा निगम से 40 लाख का दुर्घटना बीमा एवं एक्सिस बैंक आमगांव से 40 लाख का दुर्घटना बीमा कराया था। जिसके किस्तों का भुगतान स्वयं करता था।



### परिचित के घर रखवाया मोबाइल

तीनों स्कार्पियों वाहन में बैठकर आए। डोंगरगढ़ में उत्तम को साथ में गाड़ी में बैठाकर शराब भट्ठी से शराब खरीदवाकर उत्तम को शराब पिलवाया। मृतक के पास उसके पिता का मोबाईल फोन होने से आरोपियों ने योजना के मुताबिक मृतक के परिचित के यहां ग्राम अतरिया में उसके पास रखे उसके पिता के मोबाईल को रखवा दिया।

### कार दिलाने के नाम पर बुलाया

उक्त रकम के लालच में आकर 10 मई 2024 को आरोपी ने योजना के मुताबिक उत्तम को कार दिलाने के नाम पर फोन कर डोंगरगढ़ बुलाया और अपने साथी सुरेश मच्छिरके निवासी कंवराबंध एवं प्रेमचंद लिल्हारे निवासी खेड़ेपार दोनों थाना साल्हेकसा महाराष्ट्र को बीमा की रकम मिलने पर पैसे देने की बात कहकर अपने साथ शामिल कर लिया।

### गमछे से गला घोटकर हत्या

तीनों आरोपी मृतक को गाड़ी में बैठाकर खैरागढ़ होते गातापार थाना से आगे ले जाकर सूनसान सड़क किनारे पर हेमंत और उसके दोनों साथियों ने मिलकर गमछे से उत्तम का गला घोटकर हत्या कर दिया और घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए मृतक के शव को गाड़ी में डालकर कुम्ही-डोंगरगढ़ मार्ग पर लाकर रख दिया। हेमंत ने मृतक के शव के उपर दो बार स्कार्पियों वाहन चढ़ाकर मृतक की मृत्यु सड़क दुर्घटना से होने का स्वरूप देकर उसी वाहन से वापस अपने घर महाराष्ट्र लौट गए।

## नेशनल हाईवे सर्विस लेन में बाइक सवारों को ट्रक ने ठोंका



■ एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नेशनल हाईवे के सर्विस लेन राम दरबार के आगे यातायात का जबर्दस्त दबाव बना रहता है। आज सुबह बाईक में सवार होकर जा रहे दो युवकों को ट्रक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईक में सवार होकर दो युवक शहर से सोमनी की ओर जा रहे थे। वे नेशनल हाईवे सर्विस लेन रामदरबार के पास सुबह लगभग 9 बजे पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से लापरवाही से आ रही ट्रक ने बाईक सवारों को ठोकर मार दिया। पुलिस के अनुसार इस घटना में बाईक सवार युवक मनहरण निषाद की मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें चिकित्सालय में भिजवाया। पुलिस इस मामले में विवेचना कर रही है।

### सर्विस लेन में वाहनों की कतार

नेशनल हाईवे के उक्त क्षेत्र के सर्विस लेन में भारी एवं हल्की वाहनों की अव्यवस्थित रूप से पार्किंग बनी रहती है। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। सर्विस लेन में ट्रकों व अन्य वाहनों का जमघट लगा रहता है। इधर दूसरी ओर धर्मकांटा भी है, जहां ट्रकों का आवागमन बना रहता है।

### रॉग साइड वाहनों का आवागमन

बताया गया कि रामदरबार चौक के पास सर्वाधिक यातायात का दबाव बना रहता है। सर्विस लेन से हाईवे में आवागमन करने के लिए कई लोग रॉग साईड से वाहन के साथ आवागमन करते हैं, लिहाजा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पूर्व में भी उक्त क्षेत्र में दुर्घटनाएं हो चुकी है। चौक पर लगे यातायात संकेतक लाईट भी अव्यवस्थित स्थिति में है।


# आत्मानंद स्कूलों की हजार सीटें भरने लॉटरी शुरू

■ म्युनिसिपल स्कूल में पहली कक्षा की हर सीट के लिए छह आवेदन, निकली लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को बेहतर अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही आत्मानंद स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले की 9 अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद स्कूलों में दाखिले के लिए सोमवार से लॉटरी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन 9 स्कूलों में करीबन एक हजार सीटों में दाखिला दिया जाना है। 17 मई तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

यूं तो जिले की सभी आत्मानंद स्कूलों में दाखिले के लिए ढ़ेरों आवेदन आए हैं, लेकिन सबसे अधिक डिमांड शहरों में स्थित स्कूलों को लेकर दिखी है। यही कारण है कि



राजनांदगांव शहर स्थित सर्वेश्वरदास आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला में पहली कक्षा के लिए तीन सौ से अधिक आवेदन आए थे, यानि हर एक सीट के लिए छह आवेदन। जिनमें से लॉटरी निकालकर मंगलवार को 50 बच्चों को दाखिला दिया गया। उल्लेखनीय है कि अप्रैल महीने से ही दाखिले के लिए आवेदन मंगाए जा रहे थे। दस मई तक आवेदन लेने की प्रक्रिया के बाद जिला शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर जिले की सभी 9 अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद स्कूल प्रबंधन को 13 से 18 मई के बीच अलग-अलग तरीखों में लॉटरी निकालने के निर्देश दिए थे।

### इन स्कूलों में लॉटरी

मिली जानकारी के अनुसार 13 से 18 मई के बीच लॉटरी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इनमें सर्वेश्वरदास स्कूल में 14 व 15 मई, बख्शी स्कूल में 15 मई, भर्रेगांव आत्मानंद स्कूल में 14 मई, घुमका आत्मानंद स्कूल में 15 मई, सुकुलदैहान आत्मानंद स्कूल में 18 मई, एलबी नगर आत्मानंद स्कूल में 13 मई, डोंगरगांव आत्मानंद स्कूल में 14 मई, छुरिया आत्मानंद स्कूल में 14 मई और डोंगरगढ़ आत्मानंद स्कूल में 17 मई को लॉटरी प्रक्रिया होगी।

### एक स्कूल में ही आवेदन

दो साल पहले शुरू हुई इस योजना के तहत दाखिले में शुरूआती दौर पर एक बच्चा दो से तीन स्कूल में दाखिले के लिए आवेदन कर रहा था। जिसके बाद उसका नाम एक से अधिक स्कूल में आने की संभावना रहती थी। यही कारण है कि इस बार जब 10 अप्रैल से 10 मई के मध्य आवेदन लिए गए तो एक विद्यार्थी को एक ही स्कूल में आवेदन करने की अनुमति दी गई थी। ज्ञात हो कि सभी 9 स्कूल में पहली कक्षा में 50 सीटों पर और इसके बाद दूसरी से बारहवीं तक रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए लॉटरी निकाली जा रही है।

# कार्यालय से नगदी एवं सोने के सिक्के की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार्यालय का वेंटिलेशन का कांच तोड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और टेबल के दराज में रखे नगदी रकम एवं सोने के सिक्के चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंतपुर महामाया चौक के पास समदा हास्पिटल के सामने संदेश गोलछा का मकान व सीए का आफिस है। गत दिवस अज्ञात चोर कार्यालय का वेंटिंलेशन का कांच तोड़कर भीतर प्रवेश किए और टेबल के दराज में रखे नगदी रकम 2,97,200 रुपए एवं सोने के 10-10 ग्राम के तीन सिक्के चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मनीष गोलछा ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जंगली सुअर के हमले से वृद्ध गंभीर रूप से घायल, सीने-पेट में गंभीर चोंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में जंगली सूअर के हमले से एक ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया है। मामला जिला मुख्यालय मोहला से सटे ग्राम हेरकुटुम का है। ग्रामीण शिवचरण कुंजाम 60 वर्ष सुबह गांव से लगे हुए जंगल में लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था, तभी अचानक एक जंगली सूअर ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। जंगली सूअर के हमले से ग्रामीण को काफी गंभीर चोंटे आई है। घटना की भनक लगते ही आसपास के ग्रामीण एवं परिजन तत्काल मौके पर पहुंचकर एम्बुलेंस की मदद से शिवचरण कुंजाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला पहुंचाया गया।



### गंभीर चोंट

उपचार कर रहे डॉक्टर ने बताया कि ग्रामीण को सीने और पेट में गंभीर चोंट आई है। जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है। घायल को बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है।

### मरीज रिफर


सीएमएचओ श्री मंडावी ने बताया कि सूअर के हमले में नाजुक स्थिति में पहुंच गए बुजुर्ग को प्रारंभिक इलाज कर मेडिकल कॉलेज नांदगांव के लिए रेफर किया गया है।

**0 राजनांदगांव।** मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। गत दिनों बूंदाबांदी एवं आसमान में बदली के बाद आज भी हल्की गर्मी का असर रहा।

## माय एंगल













## सार समाचार



### अशोका में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक समूह अशोका ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स के तत्वाधान में विगत दिनों आयोजित वार्षिक खेल स्पर्धा का पुरस्कार वितरण 10 मई को एक गरिमामयी समारोह के रूप में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि गजानन शिक्षा समिति के अध्यक्ष सतोष बोदुन, सचिव कमलनारायण चन्द्राकर एवं विशिष्ठ अतिथि वेद कम्प्युटर गुंडरदेही के संचालक बेदप्रकाश साहू उपस्थित थे। अशोका औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धाओं जैसे कैरम, चेस, बॉलीबाल, किकेट, कबड्डी, मेंहदी एवं रंगोली आदि में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं स्कील डेव्हलपमेन्ट प्रोग्राम के अंतर्गत चल रहे विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम जैसे BOSCH द्वारा संचालित BRIDGE प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गणाधिपति श्री शांतिमुनि की मनाई गई पुण्यतिथि

**राजनांदगांव।** शांतक्रान्ति जैन श्रावक संघ के अनुयायियों द्वारा जैन जगत के दिग्गज संतश्री शांतिमुनि महाराज की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। 3 दिवसीय इस आयोजन में 12 मई को सुबह सभी श्रावक-श्राविका व बच्चों ने सामूहिक समायिक, नवकार महामंत्र जाप व शांति चालीसा का पाठ किया। गुणानुवाद सभा में विशेष रूप से सकल संघ के अध्यक्ष मनोज बैद व धर्मनिष्ठ श्रावक तिलोकचंद बोहरा, राजकुमार कटारिया आदि उपस्थित रहे। अपने सारगर्भित उद्बोधन में सभी ने धर्म के क्षेत्र में गुरुराज के विशिष्ट योगदानों को उल्लेखित किया। शांतक्रान्ति संघ से वक्ता भागचंद गिडिया व रेखचंद सुराणा ने गणाधिपति के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किया। सभा का संचालन करते महावीर संचेती ने श्रद्धेयश्री के संस्मरणों सहित उनके विराट व्यक्तित्व को गरिमामय ढंग से प्रकाशित किया। सभा पश्चात सभी के स्वल्पाहार की व्यवस्था संघ के महामंत्री राजेन्द्र-ऋषि जैन परिवार की ओर से रखी गई। 13 मई को दोपहर 3.30 बजे नवकार भवन में चालीसा व जाप कर जीवदया रूप में गौशाला जाकर गौवंशो को गुड़-रोटी खिलाया गया। 14 मई सुबह मानवसेवा अंतर्गत वृद्धाश्रम में खाद्य सामग्री वितरण किया गया। उक्त सभी अनुष्ठानों में संघ के पदाधिकारियों सहित अनेक श्रावक-श्राविका शामिल रहे। उक्त जानकारी संघ के अध्यक्ष सूरज गिडिया ने दी।



### संस्कृति गौतम का सुयश

**राजनांदगांव।** वरिष्ठ पत्रकार अमित गौतम की सुपुत्री संस्कृति गौतम ने 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में कॉमर्स विषय में 90 प्रतिशत अंक लाकर द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल रायपुर सहित परिवार को गौरवान्वित किया। संस्कृति शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। संस्कृति की उपलब्धि पर परिजनों सहित इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

### 31 को विभिन्न नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस 31 मई को जनसामान्य में धुम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य धुम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करना है। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि जिले में अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस पर नशामुक्ति के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा।

नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन शहर से लेकर ग्राम स्तर तक किया जाएगा। कार्यक्रमों में तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा एवं उसके दुष्प्रभाव की जानकारी जनसमुदाय को दी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से नशापान के दुष्प्रभावों की जानकारी, नशामुक्ति के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, नशामुक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशामुक्ति साहित्य का वितरण, नशामुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इस संबंध में जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य नगर पालिक अधिकारियों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के जरिये लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया गया है।

### चंचल ने किया समाज को गौरवान्वित

**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ राजनांदगांव के सलाहकार चंद्रभूषण साहू की सुपुत्री चंचल साहू ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड में जिले में टॉप कर अपने परिवार के साथ-साथ समाज को भी गौरवान्वित किया। चंचल शुरू से ही मेघावी छात्रा रही है। बिटिया की उपलब्धि पर समाज के पदाधिकारी डॉ. नीरेंद्र साहू, नीलमणी साहू, माधव साहू, महेश साहू, मुकेश साहू ने रायपुर पहुंचकर बधाई दी।



## साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित

# सड़क दुर्घटना को रोकने संवेदनशील होकर कार्य करने की जरूरत : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्टोरट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जनसामान्य को राजस्व संबंधी समस्याओं के लिए परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, खाता विभाजन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व शिविर परिणाममूलक होना चाहिए और आम जनता को इससे लाभ मिलना चाहिए।

उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि पटवारी निर्धारित दिनों में अपने कार्यालय में उपस्थित रहे एवं अच्छी तरह से कार्य करें। राजस्व शिविर के आयोजन से पहले मुनादी कराएं तथा सभी तहसीलों में शिविर का आयोजन होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ मद अंतर्गत जनहित से जुड़े कार्यों के लिए सभी विभाग प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पांच कार्यों के लिए प्राथमिकता देते कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करें। इस दौरान सभी विभागों से इससे जुड़े प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की गई।

कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। राजनांदगांव स्थित एजुकेशन हब के लिए 100 बच्चों को लक्षित करते चिन्हांकित करें तथा पढ़ाई प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं तथा केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए बच्चों की तैयारी कराएं। कलेक्टर ने कहा कि हाट बाजार जनसामान्य के लिए उपयोगी है, वहां प्रकाश एवं शेड की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। हाट बाजार व्यवस्थित रहे तथा उनका अच्छी तरह रख-रखाव होना चाहिए। उन्होंने पीडीएस भवन की मरम्मत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि रेडक्रास के माध्यम से मानवता की सेवा के लिए कार्य किया जा रहा है। सभी विभाग इसमें अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि कम पानी वाले फसल को प्रोत्साहित करने विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बूढ़ासागर एवं रानीसागर की साफ-सफाई के लिए तकनीकी समस्याओं को दूर करते कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि इसके ट्रीटमेंट के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है।



### किसानों के लिए बैठक व्यवस्था करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि 33 गांव में जहां भू-जल स्तर में कमी आई है, वहां वाटर रिचार्ज करने चेकडेम, डबरी, परकुलेशन टैंक जैसे जलीय संरचनाओं के माध्यम से वाटर रिचार्ज किया जा सकता है। जिससे सिंचाई के रकबे में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने सहकारिता विभाग को किसानों की सुविधा के लिए शेड, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुल-पुलिया से वंचित ग्रामों में पुल निर्माण करने के निर्देश दिए। सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंच रोड होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का चिन्हांकन करते वहां आने वाले तकनीकी दिक्कत को दूर कराएं। सड़क दुर्घटना को दूर करने संवेदनशील होकर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए ऐसे स्थान जहां दुर्घटना होने की संभावना रहती है, वहां स्पीड ब्रेकर बनाएं।

### अग्रिम खाद बीज का उठाव

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि खेती-किसानी के कार्य को ध्यान में रखते खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव हो जाना चाहिए। इससे खाद एवं बीज के कमी की समस्या नहीं आएगी और किसानों को खाद-बीज समय पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने जिले में वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी ली। उद्यानिकी विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के 1525 ग्राम पंचायतों में मुनगा एवं पपीता के पौधों का वितरण करने की तैयारी की जा रही है।

## मतगणना कार्य

# प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य हेतु नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण कल 15 मई से जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रारंभ किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी निर्देशानुसार मतगणना पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 15 मई को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

वहीं मतगणना सहायकों का प्रशिक्षण 16 मई को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। मतगणना कार्य हेतु माईक्रो प्रेक्षक का प्रशिक्षण 22 मई को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। इन सभी प्रशिक्षण में मतगणना कार्य हेतु नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर उपस्थिति होने निर्देश दिए गए हैं।

# निगम के एसएलआरएम सेंटर से प्राप्त करें जैविक व वर्मी खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर निगम के एसएलआरएम सेंटरों में स्वच्छता दीदीयों द्वारा गीला कचरा से जैविक व वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। जिसका उपयोग उद्यानों एवं कृषि फसलों के लिए अत्यंत उपयोगी है। उक्त खाद निगम के एसएलआरएम सेंटरों से न्यूनतम दर में प्राप्त किया जा सकता है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि बाजार एवं घर से निकलने वाले कचरा, जिसे स्वच्छता दीदीया डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से गीला एवं सूखा कचरा संग्रहण करते हैं, जिसे एसएलआरएम सेंटर में उनके द्वारा पृथककरण किया जाता है और गीला कचरा व पत्तियां आदि से खाद बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 60 दिन की प्रक्रिया में पीठ एवं कम्पोस्ट मशीन के माध्यम से खाद का निर्माण किया जाता है। प्रक्रिया के तहत डी-कम्पोस्ट व गोबर घोल डालकर उलट-पलट किया जाता है, जिसे 60 दिन के उपरांत जैविक तथा वर्मी खाद का उत्पादन होता है।

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद किचन गार्डन, सब्जी बागवानी, घरों के उद्यानों तथा कृषि फसलों हेतु अत्यंत उपयोगी है। यह शुद्ध देशी खाद है, जिसे गीला कचरा व पत्तियों आदि से बनाया जाता है। इस खाद में किसी भी प्रकार का केमिकल नहीं मिला होता है, जिस कारण से यह खाद फसलों,

सब्जियों आदि की अधिक पैदावार हेतु अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद का पर्याप्त भंडारण निगम के पास है, जिसे नवागांव, रेवाडीह, लखोली व मोहारा के एसएलआरएम सेंटर से बाजार मूल्य से न्यूनतम दर पर प्राप्त किया जा सकता है।

आयुक्त गुप्ता ने नागरिकों एवं कृषकों से अपील करते कहा कि केमिकलमुक्त जैविक तथा वर्मी खाद का अपने उद्यानों व फसलों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने एवं शुद्ध उत्पादन के लिए उपयोग करने एसएलआरएम सेंटरों से न्यूनतम दर पर प्राप्त कर सकते हैं।

# शिविरों से मिल रहा लाभ

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि सभी तहसीलों में राजस्व शिविर का आयोजन होना चाहिए। जनसामान्य को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जो खाता विभाजन करना चाहते हैं, उनकी सहमति से खाता विभाजन करा दें, ताकि उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में तकनीकी दिक्कत नहीं आए। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी निर्धारित दिनों में मुख्यालय में उपस्थिता रहना सुनिश्चित करेंगें।

उल्लेखनीय जिले में आयोजित कुल 30 राजस्व शिविरों में 887 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 580 आवेदन निराकृत किया गया है। राजस्व शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। राजस्व शिविरों के आयोजन से आम जनता को लाभ मिल रहा है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 10, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 7, छुरिया तहसील अंतर्गत 4, कुमरदा तहसील अंतर्गत 9 राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविरों के माध्यम से अविवादित नामांतरण के 88, अविवादित बंटवारा के 2, सीमांकन के 1, आय प्रमाण पत्र के 254, निवास प्रमाण पत्र के 101, जाति प्रमाण पत्र के 63 एवं अन्य प्रकरणों के 71 आवेदनों का निराकरण किया गया।

# पेंशनरों की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश की प्रदेश, जिला, तहसील एवं नगर की संयुक्त बैठक पेंशनर भवन में आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने कहा कि संगठन के हित में हमें आपसी मतभेदो को भुलाकर एकजुट होकर काम करना चाहिए, तभी संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों ने मेरे घर जाकर मुझे सदस्य बनाया है। बैठक की अध्यक्षता करते कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डीएन साहू ने की।

बैठक को प्रांतीय महामंत्री केपी सिंह, दीपक सिन्हा, प्रांतीय सचिव डीडी पांडे, हसीना खान, जीएल सोनबाईर ने भी संबोधित किया। एलडी बड़ोनिया ने कहा कि 80 वर्ष की उम्र में 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशनर को मिलता है। यदि हाईकोर्ट में केस दर्ज करें तो उन्हें 79 वर्ष से मिलना शुरू हो जाएगा। अतः बिलासपुर हाईकोर्ट जाने के लिए बड़ोनिया को संयोजक बनाया गया, जो हाईकोर्ट जाना चाहते है वे बड़ोनिया से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। इस अवसर पर नए सदस्य डॉ. केएल टांडेकर, दीपक सिन्हा, सीताराम साहू को सदस्यता सम्मान भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में बीरबल सिंह ठाकुर, बीटी वाल्दे, हाजी केबी कुरैशी, धानेश्वर कुमार निर्मल, विजयलाल निषाद, हमीरचंद साहू, एचडी साव, एएन अंसारी, अब्दुल मजीद, शंकरलाल यादव, पीएल सांवरकर सहित अन्य लोग शामिल थे।

बैठक का संचालन एसके सिंह ने किया। यह जानकारी नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे ने दी।

# शांति और सद्भाव के साथ मनेगा सालाना उर्स

- कार्यक्रम मेला स्थल, पार्किंग, संदल रूट, वन-वे रूट के संबंध में ली गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

हजरत बाबा सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह दरगाह जलालबाग पार्रीनाला में 47वां उर्स पाक 15 से 18 मई तक मनाया जाएगा। उर्स के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए विस्तार से चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था हेतु कार्यक्रम मेला स्थल, पार्किंग स्थल, वन-वे रूट एवं संदल रूट व्यवस्था के साथ कई निर्णय लिए गए।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम स्थित जनसंवाद कक्ष में हजरत बाबा सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह दरगाह जलालबाग पार्रीनाला में 47वां उर्स पाक 15 से 18 मई तक शांतिपूर्वक मनाए जाने के संबंध में बैठक बुलाया गया।

### रूट एवं संदल रूट सहित लिए गए अन्य निर्णय

बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार मनीष वर्मा की उपस्थिति में मुस्लिम समाज, उर्स कमेटी के प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए। हजरत बाबा सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स 4 दिन तक बड़ी शानो शौकत से मनाया जाएगा। उर्स के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए विस्तार से चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था हेतु कार्यक्रम मेला स्थल, पार्किंग स्थल, वन-वे रूट एवं संदल रूट व्यवस्था के साथ कई निर्णय लिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने कहा कि सालाना उर्स मुबारक आपसी भाईचारा, साम्प्रदायिक सौहार्द व शांतिपूर्ण आयोजन हो तथा इस कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगी।

उक्त बैठक में हाजी मंसूर अंसारी (सदर पार्रीनाला), अफताब अहमद, मो. इरफान शेख, तहीम बड़गुजर, मिर्जा हबीब बेग (लीगल कमेटी), मोहम्मद फारूख, मु. वसीम झाडुदिया, एआर खान, मो. इब्राहिम (मुन्ना), शकीब रिजवी एवं मुस्लिम समाज के गणमान्यगण उपस्थित थे।




# एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** 38वीं छत्तीसगढ़ बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई राजनांदगांव के तत्वावधान में जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। कैम्प कमांडेट लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार के मार्गदर्शन में शिविर में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला-चौकी एवं कवर्धा जिलों के 7 महाविद्यालय एवं 9 विद्यालय से कैडेटों ने शिविर के अंतिम दिन आयोजित विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी एवं देश की संस्कृति की झलक अपनी प्रस्तुति के माध्यम से दिखाई।

पीजी कॉलेज कवर्धा की छात्राओं ने देशभक्ति गीत में नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया एवं पहले पायदान पर रही। वहीं कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीत बारहमासी द्वारा छत्तीसगढ़ की भुंईया को नमन किया एवं दूसरे पायदान पर रही। तीसरे स्थान पर पं. शिवकुमार शास्त्री कृष्ण महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव के छात्रों ने देशभक्ति गाने पर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। इसके साथ ही दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर पीजी कॉलेज डोंगरगांव, संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कवर्धा, स्वामी आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान, स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगढ़, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी आत्मानंद स्कूल मोहला, होली किंगडम स्कूल कवर्धा सहित अन्य विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कैम्प कमांडेट लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार ने शिविर में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं कैम्प प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व एनसीसी कैडेट पीजी कॉलेज कवर्धा के अरूण कुमार मरकाम एवं दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की विद्या साहू को आरडीसी परेड में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर सतवर्ग सिंह सेना मेडल, सेकंड ऑफिसर चंद्रभान साहू, कैम्प एडजुटेंट लेफ्टिनेंट डिकेश्वर निषाद, लेख प्रसाद उर्वसा, भानुप्रताप ठाकुर, युगेश्वरी साहू, भूपेन्द्र जोगी, पायल दिल्लीवार, छत्रपाल साहू, मेनका यादव, एनसीसी अधिकारी एवं समस्त पीआई स्टाफ 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगांव उपस्थित रहे।






**समस्या : विभागीय अधिकारी व जिम्मेदारों की अनदेखी**

# एनएच-30 सड़कों पर ट्रकों का बेजा कब्जा, हादसे को दे रहा न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिला जेल से पोंड़ी-कवर्धा-बिलासपुर एनएच-30 नेशनल सड़क के दोनों किनारे ओवरलोड़ ट्रकों का बेजा कब्जा से सड़क हादसा को न्योता दे रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार का एनएच -30 नेशनल हाईवे सड़क किनारे दोनों ओर छोटी बड़ी ट्रकों का बेजा कब्जा से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कवर्धा नेशनल मार्ग रायपुर-जबलपुर रोड़ में अनियंत्रित रूप खड़े ओवरलोड़ ट्रक लोगों के जान के दुश्मन बनते जा रहे हैं। इसके बाद भी इस जिम्मेदार व विभागीय पुलिस टीम आवागमन सुगम व सुचारू रूप से व इन बेजा कब्जा ट्रक वाहन चालकों पर कार्यवाही नही किया जा रहा है।

जिसके कारण सुबह से लेकर देर रात तक इस रूट में ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन लगा रहता है। जो ऐसे ट्रकों की चपेट में आकर लोग अपनी जान से हाथ धो रहें है साथ ही सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहें है। हैं। रोजाना छोटी-बडी सड़क दुर्घटना में एक के बाद एक सड़क हादसे हो रहें है इसके बाद भी शासन प्रशासन व जिम्मेदार विभाग की नींद नहीं खुल पा रही। जिसमें जिला जेल व पेट्रोल पंप से ग्राम सिंघनपुरी-बरबसपुर नेशनल हाईव सड़क किनारे कतारबद्ध ओवरलोड़ ट्रक खड़ी रहती है।

### ओवरलोड़ वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई शून्य



पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि वाहन सड़क किनारे कतारबद्ध खड़ी दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वही पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद है। जानकारी के अनुसार रोजाना सैकडों ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां क्षमता से अधिक व व्यवसायिक सामान भरकर नेशनल हाईव से गुजरती है वहीं सड़क किनारे कई घंटों तक कतारबद्ध ढंग से खड़ी रहती है लेकिन विभाग इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा हैं।

# भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य का 2531वां प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




आदित्यवाहिनी द्वारा स्थानीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य का 2531वां प्राकट्य महोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जिलेवासी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। पु री पी ठा धी श्व र श्रीमद्जगद्गुरुशंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाभाग द्वारा संस्थापित आदित्य वाहिनी के इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य पं. झम्मन शास्त्री तथा विशेष अतिथि के रूप में वक्तागण पं. मोहन प्रसाद त्रिपाठी, विजय शर्मा तथा अवधेशनंदन श्रीवास्तव भगवान आदि शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

साथ ही वर्तमान श्रीमद्जगद्गुरुशंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाभाग द्वारा घोषित हिंदू राष्ट्र अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुए इस अभियान से सबको जोड़ने का आग्रह किया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर से इस बात को दोहराया कि भगवान आदि शंकराचार्य के कारण ही आज सनातन धर्म सुरक्षित है उन्होंने ही चार तीर्थों का पुनरुद्धार किया, चार पीठ चार मठ की स्थापना की द्वादश ज्योतिर्लिंग, 51 शक्तिपीठों को पुनर्प्रतिष्ठित किया।

आज उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर ही सनातन धर्म की और हमारे अस्तित्व और आदर्श की रक्षा की जा सकती है। शासनतंत्र से धर्मसंघ पीठपरिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी यह मांग करती है कि आदिगुरु शंकराचार्य का जन्मकाल 507 ईसा पूर्व घोषित करें, क्योंकि उनके जन्म काल को षड्यंत्रपूर्वक आठवीं शताब्दी का बताकर गलत इतिहास का प्रचार किया जा रहा है साथ ही नकली स्वयंभू शंकराचार्य के रूप में जो भ्रमण कर रहे हैं उनपर यथाशीघ्र कठोर कार्यवाही कर रहा उन्हें दंडित किया जाए, जो कि व्यासपीठ की उज्जवल परम्परा को विकृत और दूषित करने में संलग्न हैं।

इसी प्रकार संस्था ने सनातन धर्म रक्षक आदि शंकराचार्य की जयंती पर अवकाश घोषित करने की भी मांग रखी। उक्त जानकारी देते हुए आदित्य वाहिनी जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने अवगत कराया कि सर्वप्रथम भगवान आदि शंकराचार्य का विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं समष्टि हित की भावना से श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। जिसके बाद वक्ताओं का उद्बोधन एवं उनका सम्मान हुआ अंत में सभी श्रोताओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष आशीष दुबे एवं बृजभूषण वर्मा ने किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व जिला अध्यक्ष मारुति शरण शर्मा, नारायण प्रसाद गुप्ता, संतोषसिंह ठाकुर, भोला तिवारी, कमलकांत रूसिया, शिव अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, बृजभूषण वर्मा, लोकेश त्रिपाठी, नंदूसिंह ठाकुर, कोमल सिंह राजपूत, जितेश शर्मा, मोनू सिंह ठाकुर, अंकुश विश्वकर्मा, होमेंद्र शर्मा, हरीश गांधी, संदीप शर्मा, गोपाल गुप्ता, राजेश गुप्ता, शिव शर्मा, कुलेश्वर राजपुत, जय सोनी एवं पिपरिया से नंदकुमार शर्मा, डॉ मनोहर चंद्रवंशी, दशरथ सोनी, दिनेश चंद्रवंशी का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### रूपाली ने गणित में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**कवर्धा।** सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में सेंट जेवियर्स स्कूल का कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मुंगली नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने जिले में अपना परचम लहराया। वहीं कक्षा बारहवीं गणित संकाय से रूपाली सोनी ने 82.4 प्रतिशत प्राप्तकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा रूपाली सोनी बृजेश कुमार सोनी परियोजना अधिकारी कुण्डा की सुपुत्री पढ़ाई-लिखाई में मेधावी व मेहनती छात्रा है जो कि रूपाली सोनी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरूजनों को दिया है। जिस पर गुरूजन, परिजन व मित्रजनों ने बधाई व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ आज से

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में पराशक्ति भगवती मां महामाया, श्रीकाशी विश्वनाथ बाबा, श्रीराधा कृष्ण चंद्र की असीम कृपा सें ग्राम कंझेटा मे स्व. काशीराम चंद्रवंशी के स्मृति में नौ दिवसीय 15 से 23 मई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रीमद्भागवत महापुराण कथा व्यास पं कौशलेंद्र कृष्ण महाराज सेन्हाभाटा, आचार्य पं बुद्धेश्वर शर्मा द्वारा नौ दिनों तक आसपास क्षेत्र के भक्तजनों व श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा रसपान कराया जाएगा। वहीं मुख्य यजमान श्रीमतीह शिवरानी खेमराम चंद्रवंशी विराजमान है। इस नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

# आयुष्मान से मुफ्त इलाज का झांसा, भर्ती के बाद वसूली

## विभागीय टीम की जांच पड़ताल व कार्रवाई में अनदेखी




हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

गरीब किसान व मजदूर परिवारों को आयुष्मान स्मार्ट कार्ड से मुफ्त ईलाज के लिए शासन प्रशासन द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाया गया है। लेकिन मुफ्त ईलाज के नाम पर निजी अस्पतालों की कमाई का एक जरिया भी बन गया है। कवर्धा शहर के निजी अस्पतालों में स्मार्ट कार्ड से इलाज के बाद भी मरीजों से अच्छी खासी रकम की वसूली जा रही है। जानकारी व शिकवा-शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व जिम्मेदार विभाग द्वारा जांच पड़ताल व कार्यवाही के लिए इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कई बार जांच में गड़बड़ी का खुलासा होता है, तो शिकायतकर्ताओं को शिकायत वापस लेने दबाव बनाया जाता है या फिर राशि लौटाकर सेटलमेंट करा दिया जाता है, लेकिन निजी अस्पतालों में कोई कार्यवाही नहीं होती। यही कारण है कि प्राइवेट अस्पताल में मरीजों से लूट मची है।

### कौन सी बीमारी का इलाज करा सकते हैं, यह मालूम नहीं

आयुष्मान कार्ड में कौन-कौन सी बीमारी का इलाज कार्डधारी करा सकते हैं, यह उन्हें मालूम ही नहीं है। अस्पताल में पहुंचने पर पता चलता है कि जिस समस्या या बीमारी से पीड़ित परेशान हैं, उसके इलाज के लिए कोई पैकेज नहीं है। ऐसे में लोगों को मजबूरन नकदी देकर इलाज कराना पड़ता है। कई बार उसी मरीज का कार्ड ब्लॉक कर राशि भी आहरित कर ली जाती है। ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों को मालूम ही नहीं चलता और उसके कार्ड से राशि भी आहरित कर ली जाती है।

### दामापुर बाजार का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला दामापुर बाजार का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें कक्षा 10वीं में दर्ज 191 विद्यार्थियों में से 165 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया। वहीं कक्षा10वीं का उत्तीर्ण परीक्षा परिणाम 86.39 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 10वीं के छात्रा अनामिका पिता मोहित ने 93.5 प्रथम व कक्षा 12वीं में दर्ज 197 छात्र छात्राओं मेंसे 186 विद्यार्थियों ने सफतला प्राप्त किया। वहीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 94.42 प्रतिशत रहा।

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

# जिला सहकारी कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा स्थित पुराना मंडी प्रांगण में जिला सहकारी कर्मचारी संघ जिला कबीरधाम की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सहकारी समिति समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थें। जिला में आज पर्यंत तक समस्त धान का समितियों से 91 हजार क्विंटल धान उठाव नहीं हो सका है जो अत्यंत दुखद है, जिस पर समिति के समस्त कर्मचारी गण चिंतित एवं परेशान हैं। विपणन संघ द्वारा समय पर धान उठाव ना किए जाने के कारण धान के वजन में शॉर्टेज हुआ एवं समिति कर्मचारी किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं है। वहीं बार-बार शासन-प्रशासन को समय पर धान उठाव हेतु संघ द्वारा पत्राचार किया जाता रहा फिर भी उच्चाधिकारियों द्वारा गैर-जिम्मेदाराना रवैया के कारण धान की भारी क्षति हुई है। अतः संघ द्वारा निर्णय लिया कि समिति विपणन संघ से मांग करती है कि समिति में धान में हुई क्षति की पूर्ति की जाए, न्यूनतम 5 प्रतिशत धान की क्षति 4 फरवरी 2024 की स्थिति पर शेष स्कंध में दी जाए। अन्यथा 04 जून के बाद समय एवं स्थान तय कर शासन प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन की जाएगी। वर्तमान में बिना कोई शॉर्टेज किए जाने हेतु शासन-प्रशासन द्वारा दबाव डाला जा रहा है जबकि इसके लिए विपणन संघ जिम्मेदार है। वहीं नुकसान की भरपाई विपणन संघ से की जाने मांग की गई।

# सातवें वेतन एरियर्स व वरिष्ठता सूची में नाम जोड़ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन की आवश्यक बैठक कर्मचारी भवन कवर्धा में आयोजित की गई। जिसमें जिले के चारों विकास खण्डों के प्रतिनिधिगण का उपस्थित सभी ने वर्तमान में डीपीआई द्वारा जारी प्रधान पाठक की स्नातकोत्तर की वरिष्ठता सूची में त्रुटि में दुर्ग संभाग के किसी भी स्नातकोत्तर को प्रधान पाठक का नाम नहीं रखे जाने का विरोध करते हुए चर्चा किया गया। इस हेतु आपत्ति संचालक लोक शिक्षण रायपुर के नाम जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम को दिया गया। इसी तरह सातवें वेतनमान के छठवें किस्त एरियर्स की भुगतान हेतु जिले के अधिकांश डीडियो ने नहीं किया है, उसे तत्काल भुगतान करने के लिए प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से अनुरोध किया। जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि सहायक संचालक एमके गुप्ता ने तत्काल सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं डीडियोस को इस हेतु निर्देशित करने का आश्वासन देते हुए कहा कि मैं स्वयं सभी को तत्काल इस हेतु पत्र लिखकर निर्देश देता हूं। मंगलवार को इस प्रतिनिधि सभा में कवर्धा से फैडरेशन के जिला अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, संरक्षक राजू श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी नंदकुमार शर्मा, विकासखण्ड अध्यक्ष ऋषि ठाकुर, नीलमणि केशरवानी, महेश खुराना एवं दीप साहू, प्रफुल्ल बिसेन, दीपक ठाकुर, एसपी डड़सेना, मुकेश ठाकुर, जिला सचिव सुशील जायसवाल एवं श्री नेताम सहित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**नई नई आविष्कार व आधुनिक तकनीकी से हर कदम पर ठगी का जाल फैला**

# फर्जी आवाज निकालकर ठगी करने वाले से सतर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

देश प्रदेश आधुनिक टेक्नोलोजी के मदद से नई ऊचाईओं व आगे बढ़ रही है। साथ ही साथ आधुनिक नई आविष्कारों से ठगी की नई विधा जो पूरे देश में अपना पैर पसार चुकी है, उसका नाम है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक इस ठगी में ऐसे परिवार जिनके रिश्तेदार, जितने भी बाहर में निवास कर रहे हैं या पढ़ रहे या अन्य कोई रोजगार या किसी कारणवश अपने पारिवारिक सदस्य से दूर है उन्हीं लोगों को इस ठगी के शिकार होने की संभावना ज्यादा है। इस एआई आधुनिक तकनीक से अपराधी जिसे भी फोन लगाते हैं उनके परिचित का आवाज उनको सुनाते हैं या इसमें परिचित की आवाज में ही फोन आए कि मैं मुसीबत में हूं। जिसमें वह आर्थिक मदद की मांग करें कि मैं हॉस्पिटल में हूं या किसी आपातकालीन के कारण मुझे पैसे की जरूरत पड़ रही है। मेरा फोन और गूगल या फोन पे बंद है, इमरजेंसी में कोई नए नंबर पर पैसे ट्रांसफर कर दो। जब कोई ऐसा फोन आए तो, फोन करने वाला कितनी ही जल्दी करने के लिए बोले, आम नागरिकों को सतर्क होकर किसी भी तरह ये जानने की कोशिश करे कि जो आवाज से बात हुई, वह व्यक्ति किस स्थान पर है और वह सुरक्षित है कि नहीं। जब कोई व्यक्ति ऐसा सतर्क होकर एक फोन पर अपराधी से बात करते हुए, इशारे या लिखकर अपने घर-परिवार, दोस्त व पड़ोसी से सहयोग कर यह कार्य करेंगे वो ठगी से बच जाएंगे।

### कस्टमर केयर, हेल्पलाइन पर भी ठगी

नई नई आविष्कार व आधुनिक तकनीकी से हर कदम पर कोई ठगी का जाल फैला हुआ है। जैसे किसी भी कस्टमर केयर के नंबर पर डायल करने पर किसी हेल्पलाइन नंबर पर आम नागरिकों को ऐसे किसी भी कस्टमर केयर या हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने से पहले कंफर्म कर लेना चाहिए कि वह नंबर सही है या नहीं ठीक इसी प्रकार अभी परीक्षा का दौर खत्म हुआ है। ऐसे में कई प्रकार के ठग छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को फोन कर रहे हैं।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**अनदेखी:** बाध नदी सहित दूसरे नदी नालों से हो रहा अवैध खनन

# रेंगाखार वन परिक्षेत्र में जमकर किया जा रहा रेत का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/रेंगाखार

जिले के वन परिक्षेत्र रेंगाखार अंतर्गत बाध नदी सहित स्थानीय नदी नालों से इन दिनो जमकर रेत का अवैध खान किया जा रहा है और यह सब वन विभाग की मिलीभगत से उसकी नाक के नीचे हो रहा है। लेकिन विभाग द्वारा कार्यवाही के नाम पर शिकवा शिकायत के बाद सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक वन परिक्षेत्र रेंगाखार अंतर्गत बाघ नदी भीषण गर्मी के इन दिनो में लगभग सूख चुकी है इसी प्रकार वन परिक्षेत्र के दूसरे स्थानीय नदी नालों से भी अब पानी लगभग गायब हो चुका है। ऐसी स्थिति में अब आसपास के रेत तस्कर सक्रिय हो चुके हैं और वे बड़ी संख्या में इन नदी नालों से अवैध रेत खनन कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो इन नदी नालों से प्रतिदिन दर्जनो ट्रैक्टर ट्राली रेत पा की जा रही है। जिसकी पूरी जानकारी वन परिक्षेत्र के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक को है लेकिन उनके द्वारा इस अवैध रेत खनन के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

हां किसी के द्वारा शिकवा शिकायत करने पर जरूर विभाग कार्यवाही की औपचारिकता निभा देता है नहीं तो सब कुछ धड़ल्ले से और बेखौफ ढंग से चल रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि वन परिक्षेत्र के स्थानीय नदी नालों से अवैध रेत खनन का ये खेल सिर्फ वन परिक्षरेत्र रेंगाखार बस में नहीं चल रहा है बल्कि वन परिक्षेत्र चिल्फी, बोड़ला, तथा पंडरिया में भी जमकर चल रहा है। लेकिन वन विभाग इसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। बल्कि सूत्रों की माने तो विभाग ने इस गौरख धंधे को अपनी भी अवैध कमाई का जरिया बना लिया है और प्रति ट्राली के हिसाब से रेत तस्करों से उगाही की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र में लगातार हो रहे इस अवैध रेत खनन के चलते बिगड़ रहे प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण को हो रहे नुकसान को देखते हुए शासन, प्रशासन तथा वन विभाग के आला अधिकारियों से ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग की है।



### छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश में भी खफ रही रेंगाखार की रेत

रेंगाखार वन परिक्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि बाघ नदी से तस्करों द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध ढंग से निकाली जा रही रेत न सिर्फ छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में बल्कि सीमा से लगे मध्यप्रदेश के ग्रामों में भी रेत बेंची जा रही है। वहीं कई तस्करों द्वारा आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए अभी से रेत को डंप कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर समय रहते बाघ नदी के इस अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई तो नदी को भारी नुकसान होगा।

### रेत तस्कर कर रहे चोखी कमाई

बताया जाता है कि वन परिक्षेत्र के नदी, नालो से अवैध रेत खनन के इस कारोबार से तस्करों को चोखी कमाई हो रही है उन्हें सिर्फ परिवहर खर्च ही उठाना पड़ रहा है और थोड़ी बहुत चढ़ौत्री देनी पड़ रही है बाकी कमाई हर्रा लगे न फिटकरी की तर्ज पर उनके जेब में जा रही है। यहीं वजह है कि इस अवैध करोबार में एक दो नहीं बल्कि कई लोग लगे हुए हैं और जमकर स्थानीय नदी नालो से अवैध रेत खनन किया जा रहा है।




## डिप्टी सीएम ने जिपं सदस्य पद से दिया त्याग पत्र

- जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्टा को सौंपा त्याग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विधानसभा से विधायक प्रदेश में उप मुख्यमंत्री का दायित्व संभाल रहे विजय शर्मा ने सोमवार को जिला पंचायत सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट को जिला पंचायत जाकर अपना त्याग पत्र सौपा।

विजय शर्मा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 09 से निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य चुने गए थे। इस दौरान स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी और अनेक प्रकार के दबाव के बीच त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव क्षेत्र की जनता ने मुझे सदस्य चुना था। 32 पंचायत करीब 60 से अधिक ग्रामीण जनता ने मुझ पर विश्वास जताया था। मैंने पूरी कोशिश की जनता से जुड़े मुद्दे प्रशासन और शासन तक जिस भी माध्यम से हो पहुचे और इस कालखंड में जनता का भरपूर प्रेम और सहयोग मिला।

उन्होंने कहा पंचायती राज व्यवस्था में जिला पंचायत सदस्य के रूप में ग्रामीणों के बहुत से समस्याओं को जानने का अवसर मिला। बहुत कुछ सिखने का भी अवसर मिला जिसका लाभ एक विधायक के रूप में कार्य करने में मिल रहा है। चूंकि पंचायत मंत्री का दायित्व भी मेरे पास है इन अनुभवों का उपयोग करते हुए ग्राम पंचायतो में बहुत से ऐसे कार्य करने है जिसका लाभ ग्रामवासियों को मिलेगा।

पंचायत के साथ जोड़कर जनता को सारी सुविधा मुहैया करना प्रमुख लक्ष्य होगा। जनता का कोई पंजीयन से जुड़ा काम हो, कोई टिकट निकालना हो, महतारी वंदन की राशी देना हो, पेंशन की राशी देना हो और अन्य कोई भी विषय हो उसका समाधान ग्राम पंचायतों में हो जाये ऐसी व्यवस्था आने वाले समय में हर हाल में सभी ग्राम पंचायतों में बनाकर रखेंगे। उन्होंने कहा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट का पंचायती राज पर गहरा अध्यन है विभिन्न बैठको में उनका मार्गदर्शन मिलता रहा। जिला पंचायत सदस्य के रूप में काम करना मेरे लिए सुखद अनुभव रहा लोगो ने खूब प्रेम और आशीर्वाद दिया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रवंशी, दिनेश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू, श्रीमती सुमीर पुषाम, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामचरण साहू, जिला पंचायत सदस्य तुकाराम, मुखी राम मरकाम उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### जवाहर नवोदय विद्यालय की अवनि रही अव्वल



**कवर्धा।** जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा अवनि कुलमित्रा ने सीबीएससी 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अवनि पीजी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत नरेन्द्र कुमार कुलमित्र की सुपुत्री है। अवनि बचपन से प्रतिभाशाली छात्रा रही है। शैक्षणिक के अलावा गैर शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के पेंटिग प्रतियोगिता में सहभागिता दर्ज कर चुकी है। अवनि के इस उपलब्धि के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर झा, व्याख्याता एस के मिश्रा उसके माता पिता तथा परिवार जनों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य के लिए शुभकामना व्यक्त किए हैं।

### पक्षियों को पानी पिलाने लायंस क्लब ने बांटे सकोरे

**कवर्धा।** लायंस क्लब ने मंगलवार की दोपहर को दानी मेडिकोज के समक्ष प्यासे पक्षियों को जल पिलाने के उद्देश्य से ग्रामीणजनों में 50 सकोरे बांटे। ग्रामीणजनों को सकोरे का महत्व समझाकर बताया गया कि वे यह सकोरा वृक्ष या घर में लटकाकर उसमें रोज पानी भरें, ताकि पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। ज्ञात हो कि शहरी इलाकों में पक्षी धीरे धीरे हमसे दूर होते जा रहे हैं। इससे पर्यावरण और पारिस्थिकी संतुलन बिगड़ रहा है। आज के कार्यक्रम में लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, नीरज मंजीत छाबड़ा, बीपी गुप्ता, हरीश गाँधी, रामेश्वर गुप्ता, आनंद दानी, रेखराज मूंदड़ा, अजय गुप्ता, गुरमीत चावला सहित अनेक लायंस उपस्थित थे।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी रूम में घुसा जंगली सुअर, लोगों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया के कोलेगांव क्षेत्र में गन्ना कटाई के बाद जंगली सुअरों का भारी आंतक देखने को मिल रहा है और पूरे क्षेत्र में जंगली सुअर धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। जिसे देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रही है।

बताया जाता है कि जंगली सुअरों की इसी धमाचौकड़ी के बीच मंगलवार की सुबह एक जंगली सुअर ग्राम कोलेगांव में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी रूम में घुस गया।

स्वास्थ्यकर्मियों के मुताबिक जिस समय जंगली सुअर कर्मचारी के रूम में अचानक घुसा उस समय एक नर्स कमरे में मौजूद थी और वह बाल-बाल बच गई। जंगली सुअर के कमरे में घुसने के बाद दहशतजदा नर्स भाग कर कमरे से बाहर निकल गई और मदद के लिए लोगों को आवाज लगाई। जिसके बाद जंगली सुअर को कमरे से बाहर निकाला गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि कोलेगांव में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र में बाऊंड्री वॉल नहीं है जिससे यह उप स्वास्थ्य केन्द्र असुरक्षित है। समझा जा सकता है कि अगर उप स्वास्थ्य केन्द्र में कोई जचकी हो रही हो या फिर कोई मरीज का उपचार चल रहा हो और इस स्थिति में कोई जंगली सुअर इसी तरह से स्वास्थ्य केन्द्र में प्रवेश कर जाए तो क्या होगा।

### गन्ना कटाई के बाद बढ़ा उत्पात

यहां बताना लाजिमी होगा कि पूर्व में इस क्षेत्र में जंगली सुअर नहीं थे लेकिन जब से पंडरिया क्षेत्र में बड़ी मात्रा में गन्ना की खेती प्रारंभ की गई है आसपास के जंगलों से यहां जंगली सुअरों ने पहुंचकर अपनी बस्ती बसा ली है। अमुमन जंगली सुअर गन्ना के खेतों में छिपे रहते हैं और लोगों को नजर भी नहीं आते। लेकिन गन्ना कटाई के बाद न तो इनके पास छिपने की कोई जगह रह जाती है और न ही खाना-पानी का इंतजाम ही हो पाता है। यही वजह है कि वे पूरे अंचल के आबादी क्षेत्रों में भोजन-पानी की तलाश में धमाचौकड़ी मचाते रहते हैं। कई इस क्षेत्र में जंगली सुअर लोगों पर हमला कर उन्हें घायल भी कर चुके हैं।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य सड़क सुरक्षा समिति की वर्चुअल समीक्षा बैठक पुलिस महानिरीक्षक नेहा चंपावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिले के पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने संबंधी विषयों पर चर्चा की।

## धनुष सिंह रायपुरिया स्वर्ण पदक प्राप्त कर बने चौथी बार राष्ट्रीय एमएमए विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विगत दिनों राजधानी रायपुर में आयोजित मिक्स मार्शल आर्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कवर्धा शहर के युवा एमएमए फाइटर धनुष सिंह रायपुरिया ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर कबीरधाम जिले का परचम फहराया है जिससे पूरे शहर में हर्ष की लहर व्याप्त हैं। रायपुर से लौटने के बाद उनके गृह निवास आदर्श नगर में उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनायें देने बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे। उल्लेखनीय है कि गत रविवार को ओवर ऑल इंडिया चैंपियन प्रतियोगिता का फाइनल एवं अंतिम दिन था। जिसमें युवा वर्ग के एकल फाइट में पूरे भारत में छत्तीसगढ़ के धनुष सिंह रायपुरिया ने तेलंगाना के साजिद जलील को हराकर गोल्ड मेडल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर जीत हांसिल की। इस प्रतियोगिता में 28 राज्य के कुल 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 400 पुरुष वर्ग एवं 200 महिला खिलाडी सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में 16 गोल्ड, 01 सिल्वर,12 ब्रांड मेडल प्राप्त कर ओवर ऑल इंडिया चैंपियन का खिताब महाष्ट्र को मिला। वहीं दूसरे स्थान में जम्मू एवं कश्मीर की टीम रही। फाइनल मैच में सीनियर टीम से 50 खिलाड़ी पहुंचे जिसमें 16 महिला और 34 पुरुष वर्ग के खिलाडी शामिल थे। महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की बेटी प्रियांशी बघेल ने सिल्वर मेडल जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेता खिलाड़ियों को एमएमए इंडिया के मंच में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता मनमोहन सिंह चावला ने मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परमीत सिंह दत्ता, एमएमए बोर्ड के अध्यक्ष एम शरीफ बापू, महासचिव प्रसाद गायतोड़, उपाध्यक्ष अजय मारकंडे एवं अन्य पदाधिकारीगण, प्रशिक्षक, कोच तथा डॉक्टरों की टीम उपस्थित थे। सबसे बढिय़ा छत्तीसगढिय़ा वाक्य को चरितार्थ करते हुए कवर्धा नगर के धनुष ने जिले में पहले एमएमए फाइटर का खिताब भी अपने नाम किया, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है।

## उत्कृष्ट रहा सुखाताल हाई स्कूल दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा





शासकीय हाई स्कूल सुखाताल का परीक्षा परिणाम 2024 उत्कृष्ट रहा। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा दसवीं के छात्र होम प्रकाश घृतलहरे ने 93.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया किया है। इसी प्रकार छात्र नमन वर्मा ने 88.3 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान छात्रा दिपांजली वर्मा ने 80.16 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल की होनहार छात्रा दिपांजली वर्मा ने गणित में 100 में से 100 प्रतिशत अंक अर्जित करने में सफलता प्राप्त की है। सुखाताल हाई स्कूल परीक्षा प्रभारी यदुनाथ सिंह राठौर के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कक्षा दसवीं में इस बार कुल दर्ज 35 छात्र-छात्राओं में से 16 ने प्रथम श्रेणी, 17 ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं दो छात्र अनुत्तीर्ण रहे है। इस प्रकार शाला का कुल परीक्षा परिणाम 94.28 प्रतिशत रहा। छात्र-छात्राओं की सफलता पर शाला की प्राचार्या श्रीमती अनुसूईया शर्मा के द्वारा सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है एवं सभी शिक्षकों के पढ़ाई में विशेष योगदान की भी प्रशंसा की। शाला के बेहतर परीक्षा परिणाम में व्याख्याता रामाश्रय शर्मा, व्याख्याता यदुनाथ सिंह राठौर, व्याख्याता साधराम भारती, संकुल समन्वयक देवेंद्र कुमार पाण्डेय, प्रधान पाठक संजीव कुमार वर्मा, शिक्षक सुरेश कुमार चंद्रवंशी, शिक्षिका श्रीमती डूकेश्वरी देवांगन एवं श्री राजू श्याम ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### युवती का आपत्तिजनक विडियो इंस्टाग्राम में अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुण्डा।** कुण्डा पुलिस ने पीड़िता की रपट पर युवति की आपत्तिजनक वीडियो इंस्टाग्राम में पोस्ट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 64/24 धारा 534, 506, बी, 509 ख भादवि 67,67 ए सूचना प्रोद्यागिकी अधिनियम 2000 के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी बरू कुमार ऊर्फ बीर बांधी पिता सदाराम बांधी आयु 27 साल निवासी नवागांव गजरी थाना कुण्डा गांव की एक युवति से एक तरफा प्रेम करता था। बताया जाता है कि इसी बीच युवति का विवाह कहीं और तय हो गया। जिससे युवक लड़की को परेशान करने लगा और उस पर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। जिस पर लड़की ने युवक को समझाईश भी दी और अपने परिजनो को भी इसके बारे में जानकारी दी। जिस पर लड़की के परिजनो ने भी युवक को लड़की से दूर रहने तथा उसे फोन करने की हिदायत दी। लेकिन आरोपी युवक नहीं माना और उसने मौका देखकर लड़की से छेड़छाड़ करते हुए तथा उसका अश्लील वीडियो बनाकर इस्टाग्राम में पोस्ट कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनो के साथ कुण्डा थाना पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ रपट दर्ज करा दी। कुण्डा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक के खिलाफ अपराध क्रमांक 64/24 धारा 534, 506, बी, 509 ख भादवि 67,67 ए सूचना प्रोद्यागिकी अधिनियम 2000 के तहत तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**स्वास्थ्य अमला गांव में कर रहा डोर-टू-डोर सर्वे**

## कलेक्टर के निर्देश पर कोयलारी में हुई पेयजल की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कोयलारी मे विगत दिवस ग्रामीणों द्वारा दूषित जल पीने से स्वास्थ खराब होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मामले को तत्काल संज्ञान मे लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव मे पहुंचकर बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद गांव की स्थिति मे सुधार हुई है।

कलेक्टर श्री महोबे ने एसडीएम, एसडीओ पीएचई और सीएमएचओ की संयुक्त टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए थे। संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कोयलारी मे पहुँचकर वाटर सेम्पल लेकर जांच किया गया। जांच मे बताया गया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 10 वाटर सैंपल लिये गए जिनमें से 02 सैंपल जांच में पेय जल की गुणवत्ता खराब पायी गई है, जहां साइन बोर्ड लगाकर उपयोग के लिए मना किया गया है। पुनः कुछ जल स्त्रोतों से सैंपल लिए गए हैं।

सभी पेयजल स्त्रोतों में ब्लीचिंग घोल डाला गया है तथा क्लोरीनेशन भी किया गया हैं। गांव मे सामान्य स्थिति है और सभी का स्वास्थ स्थिर है। ग्रामवासियों को कुआ का पानी उपयोग ना करने एवं बोर, नल का पानी उबाल कर स्वच्छता के साथ पीने की सलाह जिला प्रशासन द्वारा दी गई। अब तक कुल मरीजों की संख्या 57 है, मरीजों की संख्या मे लगातार गिरावट और सुधार है। गाव मे डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य जारी है। सभी मरीजो को आवश्यक दवाईयां एवं स्वास्थ शिक्षा दी जा रही है।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
PARIHAR HOSPITAL
- स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
- किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
- नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
- निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
- सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Kawardha To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411